10293

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## June, 2014

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE
## ECO-14 : ACCOUNTANCY-II

*Time : 2 hours* *Maximum Marks : **50***

*Weightage : **70%***

***Note :*** *Attempt **any four** questions including question **no. 1** which is **compulsory**.*

1. Attempt **any two** of the following questions : 7, 7

   (a) Describe the rights of a hire vender in case of default by hire purchaser in making payment of instalments under the hire purchase agreement.

   (b) What do you mean by goodwill ? State the factors that affect its valuation.

   (c) Explain briefly the sinking fund method of redemption of debentures by a company.

   (d) How do you deal with purchase and depreciation of branch fixed assets whose accounts are maintained at the head office level ?

2. Asia Ltd. of Mumbai have a branch at Delhi. The branch sells goods on cash as well as on credit. From the following branch transactions that took place during the year 2011 - 12, prepare 'Delhi Branch Account', 'Memorandum Branch Debtors Account' and 'Goods Sent to Branches Account' in the books of the head office. 12

| | Rs. |
|---|---|
| Opening stock | 2,00,000 |
| Closing stock | 1,20,000 |
| Opening debtors | 1,00,000 |
| Opening balance of petty cash | 600 |
| Goods sent to branch | 6,80,000 |
| Cash sales | 6,00,000 |
| Credit sales | 4,00,000 |
| Cash received from debtors | 2,00,000 |
| Cash sent to branch for expenses | 40,000 |
| Goods returned by branch | 10,000 |
| Goods returned by customers | 60,000 |
| Discount allowed to customers | 10,000 |
| Bad debts | 30,000 |
| Petty cash in hand at the end of the year | 4,600 |

3. X, Y and Z are partners sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Their balance sheet as on March 31, 2012 was as follows : 12

| Liabilities | Rs. | Assets | Rs. |
|---|---|---|---|
| Bills Payable | 80,000 | Cash at Bank | 3,40,000 |
| Sundry Creditors | 2,10,000 | Bills Receivable | 50,000 |
| Loan from X | 5,00,000 | Sundry Debtors | 1,50,000 |
| Reserve Fund Capital | 1,00,000 | Stock | 2,25,000 |
| | | Furniture | 50,000 |
| X | 3,00,000 | Machinery | 3,00,000 |
| Y | 2,50,000 | Buildings | 4,00,000 |
| Z | 1,35,000 | Goodwill | 60,000 |
| | **15,75,000** | | **15,75,000** |

Z retires from business on April 1, 2012. For the purpose of retirement of Z, the assets and liabilities of the firm are revalued as follows :

Stock at Rs. 1,80,000; Furniture at Rs. 30,000; Machinery at 75% of book value; and Buildings at Rs. 8,00,000. A provision of 10% of debtors is to be made for doubtful debts. The goodwill of the firm is estimated to be worth Rs. 3,00,000. A bill for repairs of building Rs. 40,000 was unpaid and had not been recorded in the books of the firm.

Ascertain the claim of Z against the firm by preparing Revaluation Account and his Capital Account and show your workings.

**4.** (a) On January 1, 2009 Mahendra Bros. Sold Machinery to Harish on hire purchase system for Rs. 4,62,000 including interest @ 10% per annum. The payment received on delivery was Rs. 80,000; at the end of first year it was Rs. 1,52,000; at the end of second year it was Rs. 1,20,000; and at the end of third year it was Rs. 1,10,000. Their accounting year ends on December 31. Compute the cash price of the machinery, and prepare Hire Vendor's Account in the books of Harish. **8, 4**

(b) How would you deal with calls in areas, calls in advance and the amount received on forefeited shares while preparing the final accounts of a company.

5. (a) What is a statement of changes in financial position ? **4, 8**

(b) Ascertain the amount of funds from operations from the following Profit and Loss A/c of a company :

| | **Rs.** | | **Rs.** |
|---|---|---|---|
| Sundry Exp. | 25,000 | Gross Profit | 1,25,000 |
| Salaries | 40,000 | Profit on Sale of Machine | 40,000 |
| Goodwill W/O | 22,000 | | |
| Preliminary Exp. | 8,500 | | |
| Loss on sale of furniture | 4,000 | | |
| Depreciation | 9,000 | | |
| Net Profit | 56,500 | | |
| | **1,65,000** | | **1,65,000** |

6. Compute Gross Profit Ratio, Operating Ratio, Net Profit Ratio and Operating Profit Ratio from the following data : **3x4=12**

| | **Rs.** |
|---|---|
| Sales | 41,00,000 |
| Sales Returns | 1,00,000 |
| Gross Profit | 15,00,000 |
| Office Expenses | 1,50,000 |
| Selling Expenses | 2,60,000 |
| Interest on Debentures | 1,00,000 |
| Loss by fire | 2,40,000 |
| Income from Investment | 50,000 |

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2014

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-14 : लेखाविधि-II

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

*कुल का : 70%*

**नोट :** ***किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो, क्योंकि यह **अनिवार्य** है।*

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 7, 7

(a) अवक्रेय करार के अंतर्गत अवक्रेता द्वारा भुगतान में चेक की स्थिति में विक्रेता के अधिकारों का वर्णन कीजिए।

(b) ख्याति (Goodwill) से आपका क्या तात्पर्य है? इसके मूल्यांकन को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख कीजिए।

(c) एक कंपनी के ऋणपत्रों के शोधन की शोधन कोष (sinking fund) विधि की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

(d) ऐसी शाखा, जिसके लेखे मुख्य कार्यालय द्वारा रखे जा रहे हों, की स्थायी परिसंपत्तियों के क्रय तथा मूल्यह्रास का लेखांकन कैसे किया जाता है? व्याख्या कीजिए।

2. एशिया लि., मुम्बई की दिल्ली में एक ब्रांच है। यह ब्रांच नकद व उधार माल बेचती है। वर्ष 2011 - 12 के दिल्ली ब्रांच संबंधी निम्नलिखित लेनदेनों के लिए मुख्य कार्यालय का पुस्तकों में 'दिल्ली ब्रांच खाता', 'मेमोरडंम ब्रांच देनदार खाता' तथा 'ब्रांच को प्रेषित माल खाता' तैयार कीजिए। 12

| | रु. |
|---|---|
| आरंभिक स्टॉक | 2,00,000 |
| अंतिम स्टॉक | 1,20,000 |
| आरंभिक देनदार | 1,00,000 |
| खुदरा रोकड़ का आरंभिक शेष | 600 |
| ब्रांच को प्रेषित माल | 6,80,000 |
| नकद विक्रय | 6,00,000 |
| उधार विक्रय | 4,00,000 |
| देनदारों से प्राप्त रोकड़ | 2,00,000 |
| व्यय के लिए ब्रांच को भेजी गयी राशि | 40,000 |
| ब्रांच द्वारा लौटाया गया माल | 10,000 |
| ग्राहकों द्वारा लौटाया गया माल | 60,000 |
| ग्राहकों को दी गयी कटौती | 10,000 |
| अशोध्य ऋण (Bad debts) | 30,000 |
| खुदरा रोकड़ का अंतिम शेष | 4,600 |

3. X, Y तथा Z साझेदार हैं जो लाभ का विभाजन आपस में क्रमशः 2 : 2 : 1 के अनुपात में करते हैं। 31 मार्च 2012 को उनकी बैलेंस शीट निम्नलिखित थी। 12

| देयताएँ | रु. | परिसंपत्तियाँ | रु. |
|---|---|---|---|
| देयबिल | 80,000 | बैंक में रोकड़ | 3,40,000 |
| विविध लेनदार | 2,10,000 | प्राप्य बिल | 50,000 |
| X-से ऋण | 5,00,000 | विविध देनदार | 1,50,000 |
| रिजर्व फंड पूँजी | 1,00,000 | स्टॉक | 2,25,000 |
| | | फर्नीचर | 50,000 |
| X | 3,00,000 | मशीनरी | 3,00,000 |
| Y | 2,50,000 | भवन | 4,00,000 |
| Z | 1,35,000 | ख्याती | 60,000 |
| | **15,75,000** | | **15,75,000** |

1 अप्रैल, 2012 को Z व्यवसाय से अवकाश ग्रहण कर लेता है। Z के अवकाश ग्रहण के लिए फर्म की परिसंपत्तियों तथा देयताओं का पुनर्मूल्यांकन निम्नलिखित प्रकार से किया गया :

स्टॉक 1,80,000 रु. फर्नीचर 30,000 रु. मशीनरी पुस्तक मूल्य का 75% तथा भवन 8,00,000 रु.। संदिग्ध ऋणों के लिए देनदारों पर 10% का प्रावधान करना है। फर्म की ख्याति के मूल्य का अनुमान 3,00,000 रु. लगाया गया। भवन की मरम्मत के लिए 40,000 रु. के एक बिल का भुगतान अभी शेष है जिसे पुस्तकों में नहीं दिखाया गया है।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा Z का पूँजी खाता बनाकर फर्म के विरुद्ध उसका दावा ज्ञात कीजिए। अपनी कार्यकारी टिप्पणियाँ भी दिखाइए।

**4.** (a) 1 जनवरी, 2009 को महेंद्रा ब्रदर्स ने एक मशीन हरीश को 4,62,000 रु, जिसमें 10 प्रतिशत ब्याज के शामिल हैं, अवक्रय प्रणाली पर बेची। इसका भुगतान इस प्रकार प्राप्त हुआ 80,000 रु. सुपुर्दगी पर 1,52,000 रु. प्रथम वर्ष के अंत में, 1,20,000 रु. दूसरे वर्ष के अंत में तथा 1,10,000 रु. तीसरे वर्ष के अंत में। उनके लेखे 31 दिसंबर को समाप्त होते हैं। मशीन का नकद मूल्य ज्ञात कीजिए और हरीश की पुस्तकों में विक्रेता का खाता बनाइए। **8, 4**

(b) एक कंपनी के अंतिम लेखों में अवशिष्ट मांगों (calls in areas), अग्रिम प्राप्त मांगों तथा जब्त शेयरों पर प्राप्त राशि को किस प्रकार दिखाएंगे।

5. (a) वित्तीय स्थिति में परिवर्तन के विवरण से क्या तात्पर्य है? **4, 8**

(b) निम्नलिखित लाभ-हानि खाते से कामकाज से प्राप्त कोष (funds from operations) की राशि ज्ञात कीजिए।

| | रु. | | रु. |
|---|---|---|---|
| विविध व्यय | 25,000 | सकल लाभ | 1,25,000 |
| वेतन | 40,000 | मशीन के विक्रय पर लाभ | 40,000 |
| अपलिखित ख्याति | 22,000 | | |
| प्रारंभिक व्यय | 8,500 | | |
| फर्नीचर के विक्रय पर हानि | 4,000 | | |
| मूल्यह्रास | 9,000 | | |
| निवल लाभ | 56,500 | | |
| | **1,65,000** | | **1,65,000** |

6. निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर सकल लाभ अनुपात, निवल लाभ अनुपात, संचालन अनुपात तथा संचालन लाभ अनुपात ज्ञात कीजिए। **3x4=12**

| | रु. |
|---|---|
| विक्रय | 41,00,000 |
| विक्रय वापसी | 1,00,000 |
| सकल लाभ | 15,00,000 |
| कार्यालय व्यय | 1,50,000 |
| विक्रय व्यय | 2,60,000 |
| ऋणपत्रों पर ब्याज | 1,00,000 |
| अग्नि से हानि | 2,40,000 |
| विनियोगों से आय | 50,000 |